1. नीचे दो कथन दिये गये है: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

अभिकथन (A) : हाल ही में उपयोग हेतु प्रस्तुत 'युरिया गोल्ड' युरिया को सल्फर के साथ मिश्रित करता है, जिससे बर्बादी कम होती है और पौधों द्वारा पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ता है।

कारण (R) : भारत में कई प्रकार की मिट्टी में जैविक कार्बन, प्रमुख पोषक तत्व और आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे बोरॉन, आयरन और सल्फर की कमी है।

उपरोक्त कथनो के आलोक में निम्नांकित विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

(C) (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(D) (R) सही है लेकिन (A) सही नहीं है।

2. भारतीय कृषि के विषय में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये:

1) कृषि विपणन में दक्षता बढ़ाने और मूल्य निर्धारण में सुधार करने के लिये सरकार ने ई-नाम योजना शुरू की है।

2) यह पहल कृषि उपज बाजार समिति को मुफ्त सॉफ्टवेयर और 5 करोड़ रू. की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है?

(A) केवल 1 सही है

(B) 1 और 2 दोनों सही है

(C) केवल 2 सही है

(D) ना तो 1 और ना ही 2 सही है

3. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार वैश्विक विनिर्माण में भारत की हिस्सेदारी क्या है?

(A) 2 प्रतिशत

(B) 3.6 प्रतिशत

(C) 2.8 प्रतिशत

(D) 4.3 प्रतिशत

4. भारत में कपड़ा उद्योग के विषय में निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिये:

1) कपड़ा उद्योग एक प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है और भारत के जी वी ए. विनिर्माण में इसकी हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है।

2) भारत कपड़ा और परिधान का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है और इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है।

3) भारत का तकनीकी वस्त्र उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और विश्व स्तर पर पाँचवे स्थान पर है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है?

(A) 1 और 2 सही है

(B) केवल 1 सही है

(C) 2 और 3 सही है

(D) 1 और 3 सही है

5. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक 2025 में भारत की रैंक क्या है?

(A) 35 वीं

(B) 38 वीं

(C) 36 वीं

(D) 39 वीं



Scanned with OKEN Scanner

6. निम्न में से कौन–सा सही है?

1) विकसित भारत 2047 का मुख्य केन्द्र आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और खाद्य सुरक्षा है।

2) राष्ट्रीय क्रीटीकल मिनरल मिशन के माध्यम से भारत उर्जा, उद्योग और रक्षा के लिये आवश्यक खनिजो तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 1200 स्थलों का अन्वेषण कर रहा है।

(A) केवल 1 सही है
(B) 1 और 2 दोनों ही सही है
(C) केवल 2 सही है
(D) ना तो 1 और ना ही 2 सही है

7. विश्व का प्रथम पूर्णतया जैविक कृषि करने वाला भारत का राज्य निम्न में से कौन–सा है?

(A) उत्तराखण्ड
(B) सिक्किम
(C) त्रिपुरा
(D) झारखण्ड

8. बिहार के बजट 2025-26 के सन्दर्भ में निम्न में से कौन–से कथन सही है?

1) 2025-26 में राजस्व अधिशेष जी एस डी पी का 0.8 प्रतिशत होने का अनुमान है जबकि 2024-25 में राजस्व घाटा जी एस डी पी का 4.1 प्रतिशत था।

2) 2025-26 के लिये राजकोषीय घाटा जी एस डी पी के 3 प्रतिशत पर लक्षित है। 2024-25 में यह जी एस डी पी का 9.2 प्रतिशत होने का अनुमान है।

3) 2023-24 में, बिहार की प्रति व्यक्ति जी एस डी पी चालू क़ीमतों पर भारत की प्रति व्यक्ति जी एस डी पी से एक तिहाई से भी कम है।

(A) 1 और 2 सत्य है
(B) 1 और 3 सत्य है
(C) 2 और 3 सत्य है
(D) 1, 2 और 3 सत्य है

9. निम्न में से कौन–से जिले में बिहार सरकार चाय क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिये एक चाय उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने जा रही है?

(A) गया में
(B) किशन गंज में
(C) नालन्दा में
(D) औरंगाबाद में

10. बिहार की संकल्प योजना के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये :

1) संकल्प योजना विश्व बैंक द्वारा वित्त घोषित एक केन्द्र प्रवर्तित योजना है।

2) यह बिहार में कृषि की उत्पादकता में वृद्धि के लिये एक नवोन्मेष कार्यक्रम के रूप में शुरू की गई थी।

उपरोक्त में से कौन–सा/से सही है?

(A) केवल 1 सही है
(B) 1 और 2 दोनों ही सही है
(C) केवल 2 सही है
(D) ना तो 1 और ना ही 2 सही है

11. जीएसटी सुधारों 2025 द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करके सीधे तौर पर दो चुनौतियों का समाधान किया है जिस में शामिल हैं रोजगार सृजन और

(A) सामर्थ्य
(B) गरीबी निवारण
(C) निर्यात बढ़ाना
(D) उपरोक्त सभी

830490783049078304907



Scanned with OKEN Scanner

12. निम्नलिखित का मिलान करें:

| सूची - I | सूची - II |
|---|---|
| a) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान पुष्पक को आगे बढ़ाया गया। | 1) मई 9, 2024 को |
| b) नए तरल रॉकेट इंजन का परीक्षण किया गया था। | 2) मार्च 22, 2024 को |
| c) इसरो ने लाँच किया इनसैट 3 डी एस सैटेलाइट। | 3) फरवरी 17, 2024 को |
| d) एस एस एल वी–डी3–ई ओ एस–08 को लाँच किया गया। | 4) अगस्त 16, 2024 को |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

13. शंघाई सहयोग संगठन (एस सी ओ) की बैठक हुई:

(A) 31 मई 2025 को

(B) 31 जुलाई 2025 को

(C) 31 मार्च 2025 को

(D) 31 अगस्त 2025 को

14. अभिकथन (A) : भारत में सबसे लंबी माल गाडी 'रूदराष्ट्र' शुरू की गयी है।

कारण (R) : ट्रेन लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी है और इसमें 354 डिब्बे हैं।

उपरोक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(D) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।

15. भारतीय फिल्म उद्योग में उनके आजीवन योगदान के लिए दादा साहेब फालके पुरस्कार, 23 सितंबर 2025 को आयोजित 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसे प्रदान किया गया?

(A) अभिनेता रामलाल को

(B) अभिनेता मोहनलाल को

(C) अभिनेता दिलजीत सिंह को

(D) अभिनेता अमिताभ बच्चन को

16. निम्नलिखित में से कौन–सी अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष संरक्षण प्रणालियाँ हैं?

1) आई ए डी सी: वैश्वक अंतरिक्ष मलबे प्रबंधन का समन्वय कता है।

2) सी एस ओ: जिम्मेदार अंतरिक्ष व्यवहार के लिए 10 देशों की साझेदारी।

3) एन एम ए : परीक्षण करता है NavIC प्रमाणीकरण के स्पूफिंग को रोकने का।

4) सी ओ पी यू ओ एस : अंतरिक्ष स्थिरता और मलबे के शमन के लिए 2019 के दिशा निर्देश।

कूट :

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

17. मई 2025 में नेपाल के कौन–से ग्लेशियर को मृत घोषित किया गया था?

(A) इम्जा ग्लेशियर को

(B) वीणा ग्लेशियर को

(C) खुम्बू ग्लेशियर को

(D) याला ग्लेशियर को



Scanned with OKEN Scanner

18. निम्नलिखित में से कौन–सा जोडा सही ढंग से मेल खाता है?

(A) अनुपम खेर – मदर मैरी कम टू मी

(B) अमीष त्रिपाठी – डिफरेंट बट नो लैस

(C) डी. वाई. चंद्रचूड़ – वाई द कान्स्टीट्यूशन मैटर्स

(D) इप्सिता चक्रवर्ती – द चोला टाइगर्स : अवेंजर्स ऑफ सोमनाथ

19. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पी एम के वी वाई) के संदर्भ में निम्नलिखित उप–मिशनों पर विचार करें:

1) कौशल आधारित संस्थागत प्रशिक्षण

2) स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना

3) नियमित प्रबोधन और मूल्यांकन

4) प्रशिक्षण की आधारभूत संरचना का विकास

उपरोक्त दिए गए कौन–से सब–मिशन सही हैं?

(A) 1 और 3

(B) 3 और 4

(C) 1, 2 और 4

(D) 2, 3 और 4

20. निम्नलिखित शहरी विकास कार्यक्रमों, योजनाओं/अधिनियमों को क्रम में रखें:

I) दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डी ए वाई–एन यू एल एम)

II) जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन

III) कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत)

IV) रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा)

कूट :

(A) II, IV, III और I

(B) II, I, III और IV

(C) I, II, IV और III

(D) I, IV, II और III

21. सूची - I का सूची - II से मिलान कीजिए :

| सूची - I | | सूची - II | |
|---|---|---|---|
| | **देश** | | **राजधानी** |
| a) | लेबनान | 1) | कहिरा |
| b) | मिस्त्र | 2) | बयेरूत |
| c) | युगांडा | 3) | ब्रातिस्लावा |
| d) | स्लोवाकिया | 4) | कंपाला |

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

22. अभिकथन (A) : श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने 12 सितंबर 2025 को भारत के उप–राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

कारण (R) : श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आई. एन. डी. आई. ए ब्लाक के उम्मीदवार को 452 वोटों के अंतर से हराया।

उपरोक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।

(D) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है



Scanned with OKEN Scanner

23. अभिकथन (A) : महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन 14 सितंबर 2025 को लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा किया गया।

कारण (R) : आंध्र प्रदेश के तिरुपति में महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधायी समिति का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

उपरोक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।

(D) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है

24. अभिकथन (A) : पीपल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत में भाषाओं की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

कारण (R) : भाषाओं की संख्या 840 है।

उपरोक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।

(C) (A) और (R) दोनों सही है लेकीन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(D) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

25. भूतापीय ऊर्जा नीति 2025 के बारे में सही कथन है:

I) नीति का उद्देश्य भारत के अप्रयुक्त भूतापीय संसाधनों का दोहन करना है।

II) यह नेट 0, 2070 के लक्ष्य की तरफ अपने स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण दर को उत्कृष्टता देना है।

III) यह राज्यों, उद्योग और वैश्विक निकायों के साथ अनुसंधान, नवाचार और सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

IV) उपरोक्त में से कोई नहीं

कूट :

(A) I और III

(B) II और III

(C) I, II और III

(D) केवल IV

26. नीचे दिए गए कोड से निम्नलिखित विद्युत चुम्बकीय विकिरणों को उनकी संबंधित आवृत्तियों के सही घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(i) अवरक्त विकिरण

(ii) सूक्ष्म तरंग विकिरण

(iii) पराबैंगनी विकिरण

आवृत्ति के संबंध में उनके बीच सही संबंध क्या है?

(A) (i), (ii), (iii)

(B) (iii), (ii), (i)

(C) (iii), (i), (ii)

(D) (ii), (iii), (i)

830490783049078304907



Scanned with OKEN Scanner

27. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A): ऊर्ध्वाधर वृत्तीय गति में उच्चतम स्थिति पर, डोरी में तनाव न्यूनतम होता है।

कारण (R): उच्चतम बिंदु पर, तनाव = अपकेंद्री बल - पिंड का भार। यह गति के दौरान तनाव का न्यूनतम मान है।

उपरोक्त कथनों के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(C) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(D) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है।

28. चालकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1) संयोजकता बैंड और चालन बैंड एक-दूसरे को अतिव्याप्त करते हैं।

2) किसी चालक की प्रतिरोधकता तापमान के साथ चरघातांकी रूप से घटती है।

3) चालक अर्धचालकों की तुलना में कम और कुचालकों की तुलना में अधिक विद्युत धारा का संचालन करते हैं।

ऊपर दिए गए तीन कथनों में से कितने कथन सही हैं?

(A) केवल पहला कथन

(B) केवल पहला और दूसरा कथन

(C) केवल दूसरा कथन

(D) केवल दूसरा और तीसरा कथन

29. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A): जब एक लोलक को चंद्रमा पर ले जाया जाता है, तो उसका आवर्तकाल कम हो जाएगा।

कारण (R): चंद्रमा पर, गुरूत्वाकर्षण स्थिरांक 'g' का मान बढ़ जाएगा जिससे लोलक का आवर्तकाल कम हो जाएगा।

उपरोक्त कथनों के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए:

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(C) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(D) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है।

30. धारावाही तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित की जा सकती है:

(A) दाएँ हाथ के अंगूठा नियम से

(B) लेंज़ के नियम से

(C) फ्लेमिंग के बाएँ हाथ के नियम से

(D) ओम के नियम से

31. निम्नलिखित में से कौन-सा नियम इस तथ्य का समर्थन करता है कि स्वतंत्र रूप से लटके हुए लकड़ी के फ्रेम पर कील ठोकना कठिन है?

(A) न्यूटन के जड़त्व का नियम

(B) न्यूटन का गति का तीसरा नियम

(C) न्यूटन का गति का दूसरा नियम

(D) पास्कल का नियम

8304907



Scanned with OKEN Scanner

**32.** दो कंपन करने वाले कणों को एक ही कला में कब कहा जाता है?

(A) यदि उनके बीच कलांतर $\pi$ का सम गुणज हो

(B) यदि पथांतर $(\lambda/2)$ का सम गुणज हो

(C) यदि समय अंतराल (T/2) का सम गुणज हो

(D) उपरोक्त सभी

**33.** एक गैल्वेनोमीटर को निम्न में से किसके साथ जोड़कर वोल्टमीटर में परिवर्तित किया जा सकता है?

(A) उच्च प्रतिरोध तार को समान्तर में

(B) उच्च प्रतिरोध तार को श्रेणीक्रम में

(C) निम्न प्रतिरोध तार को समान्तर में

(D) निम्न प्रतिरोध तार को श्रेणीक्रम में

**34.** तारे टिमटिमाते हैं क्योंकि:

(A) उनके द्वारा उत्सर्जित प्रकाश की तीव्रता समय के साथ बदलती है।

(B) पृथ्वी के वायुमंडल की विभिन्न परतों का अपवर्तनांक लगातार बदलता रहता है।

(C) पृथ्वी से तारों की दूरी समय के साथ बदलती है।

(D) पृथ्वी की गति के कारण

**35.** हब्बल स्थिरांक का महत्त्व है:

(A) यह ब्रह्मांड के विस्तार की दर को मापता है।

(B) यह तारों की आयु का अनुमान लगाता है।

(C) यह ब्लैक होल का द्रव्यमान निर्धारित करता है।

(D) यह आकाशगंगाओं की चमक की गणना करता है।

**36.** निम्नलिखित में से किस धातु के संकुलों का उपयोग र्‍यूमेटॉयड अर्थ्राइटिस के उपचार में किया जाता है?

(A) रूथेनियम

(B) आयरन

(C) गोल्ड

(D) कॉपर

**37.** इनमें से किस यौगिक की ऑक्सीकरण क्षमता सबसे अधिक है?

(A) $Br_2$

(B) $F_2$

(C) $Cl_2$

(D) $I_2$

38. किस ताप पर मैथेन के विसरण की गति किसी अज्ञात गैस के विसरण की दो गुनी होगी। अज्ञात गैस का अणुभार ........... है।

(A) 32

(B) 64

(C) 4

(D) 8

39. निम्नलिखित में से बोरोन कौन–सा एनायन नहीं बना सकता है ?

(A) $BF_6^{3-}$

(B) $BO_2^-$

(C) $BH_4^-$

(D) $B(OH)_4^-$

40. निम्नलिखित में से किस यौगिक द्वारा अधिकतम सहसंयोजक बंध दिखाया जाता है ?

(A) $FeCl_2$ द्वारा

(B) $SnCl_2$ द्वारा

(C) $MgCl_2$ द्वारा

(D) $AlCl_3$ द्वारा

41. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

अभिकथन (A) : कार्बोक्सिलिक अम्ल कार्बोनिल समूह का परीक्षण नही देता है।

कारण (R) : कार्बोक्सिलिक समूह का कार्बोनिल कार्बन इलेक्ट्रॉन कमी वाला है इसलिए न्यूक्लियोफिलिकअटैक के लिए कम संवेदनशील है।

नीचे दिये कूट के अनुसार सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) (A) और (R) सत्य हैं (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(D) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।

42. इनमें से कौन सबसे मीठा शक्कर है ?

(A) फ्रुक्टोज

(B) सुक्रोज

(C) ग्लूकोज

(D) माल्टोज

43. सूची–I तथा सूची–II का मिलान कीजिए। सही उत्तर का चयन सूची के नीचे दिये गये कूटो के आधार पर कीजिए :

| | सूची–I (धातु) | | सूची–II (शोधनविधि का नाम) |
|---|---|---|---|
| a) | Ni | 1) | वान ऑर्केल की विधि |
| b) | Cu | 2) | विद्युत अपघटन |
| c) | Zr | 3) | मॉण्ड प्रक्रम |
| d) | Ge | 4) | क्षेत्र शोधन |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |



8304907

Scanned with OKEN Scanner

**44.** इन वर्गिकी वर्गीकरण प्रणालियों को उनके विकास के कालानुक्रमिक क्रम में रखें:

a) व्हिटेकर की पाँच–जगत प्रणाली

b) लिनियस की कृत्रिम प्रणाली

c) बेंथम और हुकर की प्राकृतिक प्रणाली

d) एंगलर और प्रांटल की जातिवृत्तीय प्रणाली

e) पुष्पीय पौधों के लिए APG तंत्र

(A) b-d-c-a-e

(B) a-c-b-d-e

(C) a-b-c-d-e

(D) b-c-d-a-e

**45.** ग्लूकोज उपापचय और कोशिकीय श्वसन के संदर्भ में निम्नलिखित 3 कथनों पर विचार कीजिए:

कथन 1 : TCA चक्र में सक्सीनेट का फ्यूमरेट में रूपांतरण अद्‌वितीय है क्योंकि यह आंतरिक माइटोकॉन्ड्रियल झिल्ली में अंतर्निहित एक एंजाइम द्वारा उत्प्रेरित एकमात्र चरण है और सीधे तौर पर ... TCA चक्र से इलेक्ट्रॉन परिवहन श्रृंखला तक।

कथन 2 : ऑक्सीडेटिव फॉस्फोराइलेशन कोशिकीय श्वसन का एकमात्र चरण है जहाँ ऑक्सीजन का सीधे उपभोग होता है, और इस चरण में उत्पन्न सभी ATP सब्सट्रेट–स्तरीय फॉस्फोराइलेशन द्वारा निर्मित होते हैं।

कथन 3 : ग्लाइकोलाइसिस में, एंजाइम फॉस्फोफ्रक्टोकाइनेज–1 (PFK-1) ATP और साइट्रेट की उच्च सांद्रता द्वारा एलोस्टेरिक रूप से बाधित होता है, जिससे यह ग्लाइकोलाइसिस और TCA चक्र दोनों के लिए एक प्रमुख नियामक बिंदु बन जाता है।

ऊपर दिए गए कौन से कथन सही हैं?

(A) केवल कथन 1 और कथन 2

(B) केवल कथन 3

(C) केवल कथन 1 और कथन 3

(D) सभी कथन सही हैं

**46.** किसी जीव का वास्तविक निकेत है

(A) वह क्षेत्र जहाँ कोई प्रजाति शोषणकारी प्रतिस्पर्धा के दौरान कब्जा कर सकती है

(B) आदर्श के विपरीत प्रकृति में विद्यमान आवास

(C) समूहीकरण से उत्पन्न समुदाय के भीतर किसी प्रजाति का आवास

(D) जीव द्वारा वास्तव में अपनाई गई जीवन पद्धति

**47.** यदि हम किसी वृक्ष पर हरा प्रकाश डालें, तो वृक्ष ....... होगा।

(A) अधिक चमकीला दिखाई देगा

(B) पहले जैसा ही दिखाई देगा

(C) अधिक गहरा दिखाई देगा

(D) प्रकाश में छिप जाएगा

**48.** प्रकाश संश्लेषण की Z-योजना में, निम्नलिखित में से कौन से इलेक्ट्रॉन प्रवाह संयोजन सही नहीं हैं?

(i) $P680 \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow Pheo \rightarrow PC \rightarrow P700$

(ii) $P700 \rightarrow A_0 \rightarrow A_1 \rightarrow FeS_X \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_B \rightarrow Fd$

(iii) $P680 \rightarrow Pheo \rightarrow PQ_A \rightarrow PQ_B \rightarrow Cytb_6f \rightarrow PC \rightarrow P700$

(iv) $P700 \rightarrow A_1 \rightarrow A_0 \rightarrow FeS_A \rightarrow FeS_B \rightarrow FeS_X \rightarrow Fd$

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iii)

(C) (i) और (iv)

(D) (iii) और (iv)



Scanned with OKEN Scanner

49. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

अभिकथन (A): फ्लोएम में चालनी नलिका तत्व जीवित कोशिकाएँ होती हैं, लेकिन परिपक्व होने पर इनमें केन्द्रक नहीं होते।

कारण (R): सहचर कोशिकाएँ, अवरोधी संधियों के माध्यम से चालनी नलिका तत्वों की उपापचयी गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं, जिससे फ्लोएम में शर्करा के लदान और उतराई के लिए आवश्यक निरंतर दाब प्रवणता सुनिश्चित होती है।

उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और(R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) सही हैं लेकीन (R) सही नहीं है।

(C) (A) और (R) दोनों सही नहीं है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़ें और सही विकल्प चुनें:

कथन (A) : ओंगे और ग्रेट अडमानेज़ आबादी में देखे गए मिटोकोन्ड्रियल DNA हैपलोग्रुप M31 और M32 अंडमान द्वीपों पर आंतरिक विकास के अधीन प्राचीन मातृ वंशावलियाँ दर्शाते हैं, जो लगभग 50-70 हजार वर्ष पूर्व आउट–ऑफ-अफ्रीका तटीय प्रवासन के बाद से अलग–थलग हैं।

कारण (R) : पूर्ण मिटोकोन्ड्रियल DNA सीक्सिंग से पता चला कि M31 और M32 को परिभाषित करने वाले कोडिंग क्षेत्र उत्परिवर्तन ज्ञात भारतीय, पूर्व एशियाई या ओशिनियन हैपलोग्रुप M, N या R के लोगों से ओवरलैप नहीं करते और 6,500 से अधिक मुख्यभूमि भारतीय मिटोकोन्ड्रियल DNA सीक्न्स के सर्वेक्षण ने इन विशिष्ट उत्परिवर्तनों की अनुपस्थिति की पुष्टि की, जो छोटी, अलग–थलग आबादियों में आनुवंशिक बहाव द्वारा संचालित स्वतंत्रता को दर्शाता है।

विकल्पः

(A) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य है, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य है, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

51. डॉ. लालजी सिंह और उनके शोध के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1) डॉ. लालजी सिंह को भारत में "DNA फिंगरप्रिंटिंग का पिता" माना जाता है।

2) उन्होंने 1984 में DNA फिंगरप्रिंटिंग तकनीक को स्वतंत्र रूप से आविष्कार किया, जो वैश्विक विकास से पहले था।

3) उनके शोध ने DNA फिंगरप्रिंटिंग को वन्यजीव संरक्षण में व्यापक रूप से लागू किया, जिसमें भारत में बाघ, मोर और हाथी आबादियों पर वंशावली अध्ययन शामिल हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कितने सही हैं?

(A) केवल एक

(B) केवल दो

(C) तीनों

(D) कोई नहीं

52. 2022 में, स्वैंटे पाबो को फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उनके असाधारण वैज्ञानिक कार्य के लिए किस क्षेत्र में था?

(A) पहला सिंथेटिक जीनोम विकसित करना

(B) स्टेम सेल रिसर्च का अग्रणी कार्य

(C) मानव प्रोटिओम का मैपिंग

(D) विलुप्त होमिनिन्स के जीनोम और मानव विकास से संबंधित खोजें

53. निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़ें और सही विकल्प चुनें:

कथन (A) : यूकैरियोटिक कोशिकाओं में, एरोबिक श्वसन के दौरान उत्पादित अधिकांश ATP माइटोकॉन्ड्रिया में ऑक्सीडेटिव फॉस्फोराइलेशन के माध्यम से उत्पन्न होता है।

कारण (R) : ऑक्सीडेटिव फॉस्फोराइलेशन आंतरिक माइटोकॉन्ड्रियल झिल्ली के पार प्रोटॉन ग्रेडिएंट पर निर्भर करता है, जो इलेक्ट्रॉन ट्रांसपोर्ट चेन द्वारा स्थापित किया जाता है, जो केमियोस्मोसिस के माध्यम से ATP संश्लेषण को चलाता है।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य है, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

**54.** निम्नलिखित प्रश्न दो सूचियों (सूची–I और सूची–II) से मिलकर बना है। सूची–I के आइटमों को सूची–II के उपयुक्त आइटमों से मिलान करें और नीचे दिए गए विकल्पों से सही कोड चुनें। सूची–I का प्रत्येक आइटम सूची–II से एक या अधिक मिलान कर सकता है, लेकिन सूची–II का प्रत्येक आइटम केवल एक बार उपयोग किया जाता है।

| सूची-I (2019 राखीगढ़ी डीएनए अध्ययन के प्रमुख पहलू) | सूची-II (विवरण) |
|---|---|
| a) प्राचीन डीएनए नमुने का स्त्रोत | 1) प्राचीन ईरानी-संबंधित किसानों/चरवाहों और प्राचीन पूर्वज दक्षिण भारतीयों (AASI) का मिश्रण |
| b) पहचानी गई प्राथमिक वंशावली घटक | 2) स्टेप घुमंतू चरवाहे (इंडो-यूरोपीय प्रवासनों से जुड़े) |
| c) सिंधु घाटी सभ्यता व्यक्ति में उल्लेखनीय रूप से अनुपस्थित वंशावली | 3) हरियाणा के राखीगढ़ी में ~2500 ईसा पूर्व की एक महिला के कंकाली अवशेष |
| d) आधुनिक भारतीयों के लिए व्यापक आनुवंशिक निहितार्थ | 4) सभ्यता के चरम के दौरान बाहरी स्टेप इनपुट के बिना सिंधु घाटी सभ्यता आबादियों को सीधे आनुवंशिक पूर्वज के रूप में |

**कोड :**

(A) a-3, b-1, c-2, d-4

(B) a-1, b-4, c-2, d-3

(C) a-1, b-3, c-4, d-2

(D) a-4, b-2, c-3, d-1

**55.** 2014 में पंजाब के अजनाला में एक परित्यक्त कुएं से खुदाई में प्राप्त 282 कंकालों के फॉरेंसिक विश्लेषण ने मुख्य रूप से उनके 1857 सिपाही विद्रोह के भारतीय सैनिकों के रूप में पहचान की पुष्टि किस प्रमुख संयुक्त साक्ष्य के माध्यम से की?

(A) रेडियोकार्बन डेटिंग और यूरोपीय शैली के हथियारों की उपस्थिति

(B) दंत क्षय पैटर्न और विभाजन–युग हिंसा से कंकाली आघात

(C) माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए हैपलोग्रुप और स्टॉन्शियम आइसोटोप अनुपात जो गंगा मैदान मूल को दर्शाते हैं

(D) खोपड़ी मापन और कार्बन आइसोटोप मूल्य जो स्थानीय पंजाबी वंशावली का सुझाव देते हैं

**56.** समुद्र तट से अंदर की ओर अमेरिका की महासरोवरों का उचित स्थान क्रम ऐसा है –

(A) एरी, ओंटारियो, हूरोन, मिशिगन

(B) ओंटारियो, एरी, हूरोन, मिशिगन

(C) ओंटारियो, हूरोन, एरी, मिशिगन

(D) मिशिगन, ओंटारियो, एरी, हूरोन

**57.** निम्नलिखित में से कौनसा/से युग्म सुमेलित नहीं है?

| | देश | राजधानी |
|---|---|---|
| 1) | नॉर्वे | ओस्लो |
| 2) | कनाडा | मॉन्ट्रियल |
| 3) | ऑस्ट्रेलिया | कैनबरा |
| 4) | दक्षिण अफ्रीका | केप टाउन |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 2

(B) 1, 2 और 4

(C) 2 और 4

(D) 2, 3 और 4

8304907 8304907 8304907



Scanned with OKEN Scanner

58. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I<br>राज्य | | सूची–II<br>राज्य फूल |
|---|---|---|
| a) झारखंड | 1) | कमल |
| b) कर्नाटक | 2) | ग्लेडियोलस |
| c) ओडिशा | 3) | पलाश |
| d) पंजाब | 4) | अशोक |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

59. भारत में सबसे उँची हिमालयीन पर्वत चोटी कौन–सी है?

(A) माउंट एवरेस्ट

(B) नंदा देवी

(C) के 2

(D) कामेट

60. निम्नलिखित में से कौनसा/से युग्म सुमेलित नहीं है?

| | जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| (A) | शेषचलम | तामीलनाडू |
| (B) | सिमिलीपाल | ओडिशा |
| (C) | मानस | असम |
| (D) | दिहांग–दिबांग | अरूणाचल प्रदेश |

61. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I<br>भारत से निर्यात गंतव्य स्थान | | सूची–II<br>मूल्याधारित श्रेणी |
|---|---|---|
| a) यू.एस.ए. | 1) | 2 |
| b) चीन | 2) | 3 |
| c) नीदरलैंड | 3) | 1 |
| d) संयुक्त अरब अमीरात | 4) | 4 |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

62. नीचे दो कथन दिये हुए है एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) ऐसा नाम दिया गया है।

अभिकथन (A) : 'मेक इन इंडिया' उपक्रम 2014 में शुरू किया गया।

कारण (R) : उस का मुख्य हेतु भारत का विनिर्माण कार्यक्षेत्र को वैश्विक बढ़ावा देना है।

उपरोक्त कथन को ध्यान में रखते हुए विकल्प में से सर्वाधिक सही उत्तर चुन ले:

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) सत्य नहीं है लेकिन (R) सत्य है।

(C) (A) सत्य है लेकिन (R) सत्य नहीं है।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य नहीं हैं।



Scanned with OKEN Scanner

63. लाईफ (Life) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1) यह पर्यावरण के लिये जीवनशैली है।

2) इस का उद्देश्य शाश्वत पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना है।

3) इस का उद्देश्य पर्यटन को भारतीय गांवों तक ले जाना है।

इन में से :

(A) केवल 1 सत्य है

(B) तीनों सत्य है

(C) केवल 1 और 2 सत्य है

(D) इन में से कोई सत्य नहीं है

64. बिहार में खेती क्षेत्र के आधार पर खाद्य फसलों का क्रम ऐसा है :

(A) गेहूं, चावल, मक्का, दालें

(B) चावल, गेहूं, मक्का, दालें

(C) मक्का, चावल, गेहूं, दालें

(D) मक्का, दालें, चावल, गेहूं

65. बिहार की बाढ़ के बारे में नीचे में से कौन–से कथन सत्य है?

1) बिहार मूलतः मैदानी क्षेत्र है

2) बिहार की प्रमुख नदियाँ लंबी है और उन का जलग्रहण क्षेत्र पहाड़ों में है।

3) बिहार आर्थिक रूप से पिछड़ा है।

इन में से :

(A) केवल 1 सत्य है

(B) तीनों सत्य है

(C) केवल 1 और 2 सत्य है

(D) इन में से कोई सत्य नहीं है

66. भारत में चाँदी के प्राचीनतम प्रमाण कहाँ प्राप्त हुए थे?

(A) हडप्पा सभ्यता

(B) वैदिक ग्रंथ

(C) पश्चिमी भारत की ताम्रपाषाण सभ्यता

(D) चाँदी के छिद्रित सिक्के

67. चतुर्थ बौद्ध संगीति किसके शासनकाल में आयोजित हुई?

(A) कनिष्क

(B) हर्षवर्धन

(C) अशोक

(D) मेनेण्डर

68. चंद्रप्रद्योत किस प्राचीन गणराज्य का शासक था?

(A) काशी

(B) अवन्ती

(C) अंग

(D) वज्जि

69. राष्ट्रकूट शासक किस धर्म के संरक्षक थे?

(A) बौद्ध धर्म

(B) शैव धर्म

(C) जैन धर्म

(D) शाक्त संप्रदाय



8304907 8304907 8304907
Scanned with OKEN Scanner

70. किसके शासन काल में मंगोलो को पहली बार सिंधु नदी पर देखा गया था?

(A) बलबन

(B) कुतुबुद्दीन ऐबक

(C) इल्तुतमिश

(D) रजिया

71. निम्न में से किसे हजार दिनारी के नाम से जानते है?

(A) बलबन

(B) सिकंदर लोदी

(C) मलिक काफूर

(D) कुतुबुद्दीन ऐबक

72. 'गुजरी महल' किसने बनवाया था?

(A) सूरज सेन

(B) तेज करन

(C) मान सिंह

(D) अकबर

73. किस मुगल शासक को रंगीला नाम से जानते है?

(A) फर्रुख सियर

(B) मुहम्मद शाह

(C) रफ़ी–उद–दराजत

(D) रफ़ी–उद–दौला

74. कूका आंदोलन किसके द्वारा आयोजित किया गया था?

(A) गुरू राम दास

(B) गुरू राम सिंह

(C) गुरू नानक

(D) गुरू गोविंद सिंह

75. पागलपंथी विद्रोह वास्तव में किसका विद्रोह था?

(A) भील

(B) गोंड

(C) गारो

(D) कोलिया

76. 'स्वदेश वाहिनी' किसके द्वारा संपादित किया गया?

(A) सी. वी. रमन पिल्लै

(B) के. राम कृष्णा पिल्लै

(C) सी. एन. मुदालियर

(D) मोती लाल नेहरू

77. नेटिव मैरिज एक्ट किस वर्ष पारित किया गया था?

(A) 1870

(B) 1874

(C) 1872

(D) 1876



8304907 8304907 8304907
Scanned with OKEN Scanner

78. गदर पार्टी की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(A) जर्मनी

(B) फ्रांस

(C) संयुक्त राज्य अमरीका

(D) इग्लैंड

79. विक्रमशीला प्राचीन विश्वविद्यालय की स्थापना किस पाला वंश के शासक ने की थी ?

(A) धर्मपाल

(B) गोपाल

(C) देवपाल

(D) रामपाल

80. मगध वंश की राजधानी पाटलिपुत्र के पूर्व कहाँ थी ?

(A) चम्पा

(B) वैशाली

(C) राजगीर

(D) नालंदा

81. बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना की गयी थी

(A) श्री कृष्ण सिन्हा द्वारा

(B) राजेन्द्र प्रसाद द्वारा

(C) स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा

(D) जय प्रकाश नारायण द्वारा

82. आज़ादी के बाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री कौन थे ?

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(B) श्री कृष्ण सिन्हा

(C) डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा

(D) जय प्रकाश नारायण

83. बंगाल एवं बिहार के पाल किस धर्म के अनुयायी थे ?

(A) जैन धर्म

(B) बौद्ध धर्म

(C) शैव धर्म

(D) वैष्णव धर्म

84. किस वर्ष कांग्रेस पार्टी ने स्वाधीनता के प्रस्ताव को पारित कराया था ?

(A) 1929

(B) 1942

(C) 1915

(D) 1935

85. किस वर्ष गांधी–इर्विन समझौता हुआ था ?

(A) 1929

(B) 1931

(C) 1930

(D) 1932

86. अखिल भारतीय दलित वर्ग की स्थापना की गई थी

(A) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा

(B) एन. एस. काजरोलकर द्वारा

(C) बाबू जगजीवन राम द्वारा

(D) म. ज्योतिबा फूले द्वारा

87. पाकिस्तान प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया गया था

(A) रहमत अली द्वारा

(B) मुहम्मद अली जिनाह द्वारा

(C) सिकंदर हयात खान द्वारा

(D) फजलूल हक द्वारा

88. किस वर्ष आई. एन. ए. की स्थापना हुई थी?

(A) 1940

(B) 1942

(C) 1941

(D) 1943

89. भारत की आजादी के समय इंग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?

(A) विस्टन चर्चिल

(B) क्लीमेंट एटली

(C) हैरोल्ड मैकमिलन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 कब लागू हुआ?

(A) जुलाई 4, 1947

(B) जुलाई 18, 1947

(C) जुलाई 10, 1947

(D) अगस्त 14, 1947

91. नीचे दिए गए प्रश्नों का सही कालानुक्रमिक क्रम क्या है? नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए:

1) चुनावी कानून सुधार पर संयुक्त संसदीय समिति।

2) चुनावी सुधारों पर गोस्वामी समिति।

3) चुनावी सुधारों पर तारकुंडे समिति।

4) राजनीति के अपराधीकरण के विरूद्ध चुनाव आयोग का अभियान।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(A) 1 3 2 4

(B) 1 4 2 3

(C) 4 1 2 3

(D) 4 1 3 2

92. नीचे दिए गए प्रश्न में, अभिकथन (A)और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन दिए गए हैं। दिए गए कूट के अनुसार अपना उत्तर चिह्नित करें:

अभिकथन (A): संविधान ने भारत को 'राज्यों का संघ' बताया है, न कि एक संघ।

कारण (R): भारतीय राजनीति एक अविनाशी संघ बनाने के लिए राज्यों के बीच समझौते का परिणाम है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) सत्य है, जबकि (R) असत्य है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(D) (A) असत्य है, जबकि (R) सत्य है।

93. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1) संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिए कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है।

2) वर्तमान मुख्यमंत्री की मृत्यु के बाद, यदि सत्तारूढ़ दल किसी नए नेता की नियुक्ति करता है, तो राज्यपाल को नए नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करना होगा।

नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके सही विकल्प चुनें:

(A) केवल 1

(B) 1 और 2 दोनों

(C) केवल 2

(D) न तो 1 और न ही 2

94. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a) | अध्यक्ष | 1) | मांगों पर चर्चा के लिए समय सीमा निर्धारित करता है |
| b) | वित्त मंत्री | 2) | कार्यपालिका के वित्तीय संचालन की जाँच करता है |
| c) | राष्ट्रपति | 3) | संसद में वार्षिक वित्तीय विवरण का उल्लेख करता है |
| d) | C & AG | 4) | पंचवर्षीय योजना के निर्माण में भाग लेता है |

कोड :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

95. निम्नलिखित में से कौन सा/से भारत में पंचायती राज संस्थाओं की अप्रभावीता का/के संभावित कारण है/हैं?

1) शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल जैसे विभिन्न शासकीय कार्यों का हस्तांतरण 73 वें संशोधन अधिनियम द्वारा अनिवार्य नहीं था।

2) पंचायती राज संस्थाओं के लिए वित्त की कमी।

3) पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण के अनिवार्य प्रावधान होने के बावजूद, इन कमजोर समूहों का प्रतिनिधित्व शायद ही हो।

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही विकल्प चुनिए:

(A) केवल 1

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 2

(D) 1, 2 और 3

96. राज्य विधानमंडल में निम्नलिखित विधेयकों पर विचार करें:

1) विधानसभा द्वारा पारित लेकिन परिषद में लंबित विधेयक।

2) परिषद द्वारा पारित लेकिन विधानसभा में लंबित विधेयक।

3) राज्य विधानमंडल द्वारा पारित लेकिन राज्यपाल की स्वीकृति के लिए लंबित विधेयक।

4) राज्य विधानमंडल द्वारा पारित लेकिन राष्ट्रपति द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाया गया विधेयक।

उपर्युक्त में से कौन–सा विधेयक राज्य विधानमंडल के भंग होने पर रद्द हो जाता है?

(A) केवल 1

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 2

(D) केवल 3 और 4



Scanned with OKEN Scanner

97. निम्नलिखित में से कौन–सी समितियाँ कार्यपालिका पर विधायी नियंत्रण रखने के अपने कार्य में CAG की सहायता करती हैं?

1) लोक लेखा समिति
2) विशेषाधिकार समिति
3) प्राक्कलन समिति
4) सार्वजनिक उपक्रम समिति

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए।

कोड :

(A) 1 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) 1, 2 और 4
(D) 1, 3 और 4

98. नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1) यह अधिनियम अवैध प्रवासियों के निर्दिष्ट वर्ग को भारत में पाँच वर्ष के निवास के बाद प्राकृतिककरण द्वारा नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है।
2) विधेयक के प्रावधान पूरे देश में लागू हैं।
3) आव्रजन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2014 या उससे पहले है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 2
(D) केवल 1 और 3

99. 98 वें संविधान संशोधन अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1) 98वें संविधान संशोधन अधिनियम ने अनुच्छेद 371-J जोड़ा, जिसमें हैदराबाद–कर्नाटक क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान प्रदान किए गए।
2) विशेष प्रावधानों का उद्देश्य क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु धन के समान आवंटन हेतु एक संस्थागत तंत्र स्थापित करना है।
3) अनुच्छेद 371-J ने क्षेत्र के छात्रों के लिए क्षेत्र के शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल 1 और 2
(B) 1, 2 और 3
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 1 और 3

100. संघ और राज्यों के बीच विधायी संबंधों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1) राज्य का कानून, जिसे राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए आरक्षित किया गया है और जिस पर उनकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है, संसद द्वारा पूरे देश के लिए बनाए गए कानून पर प्रबल हो सकता है।
2) संविधान स्पष्ट रूप से संघ सूची और समवर्ती सूची को राज्य सूची पर प्रभुत्व प्रदान करता है।
3) राज्य सूची में सूचीबद्ध सभी मामलों को संघ या राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति के बिना विधानमंडल में प्रस्तुत किया जा सकता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3
(D) 1, 2 और 3



Scanned with OKEN Scanner